पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने पत्रकारों के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया

बच्चों को पूर्वजों की कहानियों के भाव को समझना होगा --श्री नाईक

लखनऊः 14 जुलाई, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज यू0पी0 प्रेस क्लब लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में यू0पी0 बोर्ड, सी0बी0एस0सी0 बोर्ड तथा आई0सी0एस0ई0 बोर्ड की दसवीं और बारहवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिये प्रशस्ति पत्र, नकद धनराशि तथा घड़ी प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन प्रेस क्लब द्वारा पत्रकारों के बच्चों को सम्मानित करने के लिये आयोजित किया गया था। इस अवसर पर श्री रवीन्द्र सिंह अध्यक्ष, प्रेस क्लब, श्री जे0पी0 तिवारी सचिव तथा हसीब सिद्दीकी अध्यक्ष वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ पत्रकार व उनके परिवारजन उपस्थित थें।

राज्यपाल ने इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीवन की स्पर्धा में आगे बढ़ने का संकल्प लें। बच्चे केवल किताबी कीड़े न बनकर खेल व व्यायाम में भी भाग लें। खेल के मैदान में लगी चोट आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य अच्छा होता है तो मन भी शुद्ध होता है।

श्री नाईक ने उपस्थित सभी पत्रकारों को ईद की बधाई दी तथा आने वाले पर्व गुरू पूर्णिमा की भी बधाई दी। राज्यपाल ने कहा कि छात्र अपने गुरूओं का सम्मान करें। गुरू पूर्णिमा पर गुरू की पूजा की जाती है। उन्होंने शबरी के बेर और एकलव्य की गुरू दक्षिणा के बारे में भी बच्चों को बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों को पूर्वजों की कहानियों के भाव को समझना होगा।

राज्यपाल ने अपने गुरू से प्राप्त चार गुरूमंत्र बच्चों से साझा किये। उन्होंने कहा कि हर चुनौती को प्रसन्नचित रहते हुए सुधार लाने का प्रयास करें, दूसरों के अच्छे कार्यों की प्रशंसा करें, किसी दूसरे के द्वारा किये गये अच्छे कार्य को कम न समझे तथा दूसरे की अवमानना करके अपनी प्रगति के रास्ते को अवरोधित न करें।

कार्यक्रम में श्री रवीन्द्र सिंह, श्री हबीब सिद्दीकी तथा श्री जे0पी0 तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

अंजुम/ललित/राजभवन (245/15)